न्यूज प्रिन्ट

जनपद न्यायालय, बदायूं में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय हेतु एक रीडर, एक अहलमद व एक चपरासी की नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति।

जनपद न्यायालय, बदायूं में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या–2, के न्यायालय हेतु उनकी नियुक्ति के दिनांक से न्यायालय की कार्यावधि के लिए न्यायालय एवं कार्यालय में कार्य करने हेतु एक रीडर, एक अहलमद व एक चपरासी की आवश्यकता है।

उपरोक्त पदों में रीडर व अहलमद की भर्ती जनपद न्यायालय एवं कलेक्ट्रट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से की जानी है। अतः कथित विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारीगण से अपेक्षा है कि वह उक्त पदों हेतु अपने–अपने आवेदन पत्र माननीय जनपद न्यायाधीश, बदायूं के कार्यालय में विज्ञप्ति की तिथि से अन्दर एक माह प्रस्तुत कर सकते है। रीडर एवं अहलमद की भर्ती 4500/–रूपये प्रतिमाह मानदेय पर होगी।

चपरासी का मानदेय अंकन रूपये 100 प्रति कार्यदिवस होगा। आवेदक अपने–अपने आवेदन पत्र में अपना नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता, पदनाम, अपनी सेवानिवृत्त होने की तिथि तथा विभाग का नाम भी अंकित करें। रीडर व अहलमद के पदों पर नियुक्त व्यक्ति 65 वर्ष की आयु तक ही सेवा हेतु अर्ह होंगे। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद पर आवेदन हेतु न्यूनतम आंयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष होगी तथा कार्यकाल 65 वर्ष की आयु सीमा तक होगा।

दिनांकः– 04.04.2022

ह0 4.4.22
(चन्द्र भानु सिंह)
अध्यक्ष, चयन समिति/
प्रथम अपर जिला जज,
बदायूं।